दादरा नगर हवेली वैट विभाग ने दर्ज किए 3515 जीएसटी नंबर

■ वैट कमिश्नर गौरव सिंह राजावत की अगुवाई में दानह वैट विभाग प्रदेश के व्यापारियों को जीएसटी समझाने में रहा कामयाब ■ देश के सभी हिस्सों में जीएसटी पर हो रहा है भारी विरोध, लेकिन दादरा नगर हवेली में नहीं दिखा किसी तरह का गतिरोध

सिलवासा 6 जुलाई, (असली आजादी संवाददाता)। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली प्रशासन प्रदेश के उद्योगपतियों एवं व्यापारियों को गुड एंड सर्विस टैक्स को बेहतर तरीके से समझाने में कामयाब रहा। इसी के कारण दादरा नगर हवेली में जीएसटी पर किसी तरह का गतिरोध देखने को नहीं मिल रहा है। जहां एक तरफ उद्योगपति एवं व्यापारी देश में हुए बड़े टैक्सेशन बदलाव को लेकर भ्रम की स्थिति में हैं। वहीं दादरा नगर हवेली के उद्योगपति और व्यापारी इस बड़े टैक्सेशन बदलाव को लेकर अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। जिसके कारण दादरा नगर हवेली में अभी तक ना तो उद्योग की तरफ से और ना ही व्यापारियों की तरफ से जीएसटी के संबंध में किसी तरह का विरोध दर्ज कराया गया है। इसका सबसे बड़ा श्रेय दादरा नगर हवेली प्रशासन को जाता है, जिसमें वैट कमिश्नर गौरव सिंह राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जीएसटी लागू होने के पूर्व दादरा नगर हवेली वैट विभाग द्वारा कई स्तरों पर जीएसटी के संबंध में वर्कशॉप और सेमिनार का आयोजन किया गया था, जिसमें व्यापारियों, उद्योगपतियों और कंसल्टेंट को शामिल किया गया था। यही कारण है कि दादरा नगर हवेली के व्यापारी और उद्योगपति विरोध की बजाय जीएसटी रजिस्ट्रेशन को लेकर अपनी तैयारियों में जुटे रहे। दादरा नगर हवेली वैट विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, दादरा नगर हवेली में अभी तक 3515 जीएसटी नंबर जारी किए जा चुके हैं। जबकि दादरा नगर हवेली में कार्यरत सेंट्रल एक्साइज विभाग से भी व्यापारियों एवं उद्योगपतियों ने अपना जीएसटी नंबर लिया है। दादरा नगर हवेली वैट विभाग में 4000 से अधिक वेंडर रजिस्टर्ड है, जिसमें से जीएसटी लागू होने के बाद अभी तक 3515 वेंडरों ने अपना वैट नंबर सरलतापूर्वक जीएसटी में कंवर्ट करा लिया है। वैट विभाग को अनुमान है कि जीएसटी लागू होने के बाद भारी संख्या में नए वेंडरों का रजिस्ट्रेशन होगा, जिससे कि दादरा नगर हवेली के टैक्सेशन की रकम बढ़ेगी। अभी हाल ही में वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर दादरा नगर हवेली वैट विभाग ने लगभग 800 करोड़ का वैध टैक्स सरकारी खजाने में जमा कराया था। अब देश का टैक्स स्ट्रक्चर बदलने के साथ ही दादरा नगर हवेली में भी टैक्स की धनराशि बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। टैक्स विशेषज्ञों की माने तो जिस तरह से जीएसटी पर अलग-अलग स्लैब में टैक्स की दरें तय की गई है उससे वस्तुओं की कीमत में गिरावट दर्ज की जाएगी और बिक्री एवं कर मुक्ति जैसी प्रथा से दादरा नगर हवेली टैक्सेशन विभाग को मुक्ति मिलेगी, इससे राजस्व में तेजी से बढ़ोत्तरी होगी। जोकि दादरा नगर हवेली के उद्योग व्यापार सहित सभी क्षेत्रों के लिए लाभकारी होगा, जिससे प्रदेश के विकास में तेजी आएगी।

दादरा नगर हवेली वन विभाग एक दिन में करेगा एक लाख पौधों का वृक्षारोपण: ओ. वी. आर. रेड्डी

सिलवासा 6 जुलाई। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली वन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी वन महोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत वन विभाग ने तय किया है कि वन महोत्सव के दिन एक साथ 1 दिन में 1,00,000 पौधों लगाये जायेंगे। संघ प्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली के प्रशासक प्रफुल पटेल अपने हाथों से हाथों वृक्षारोपण कर वन महोत्सव का आगाज करेंगे। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली के मुख्य वन संरक्षक आईएफएस अधिकारी ओ. वी. आर. रेड्डी ने बताया कि इस वर्ष वन विभाग ने 215 हेक्टेयर जमीन पर नए पौधों को लगाने का लक्ष्य रखा है जिसके तहत इस वर्ष बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम एक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली के प्रशासक प्रफुल पटेल द्वारा वृक्षारोपण कर की जायेगी। वन ही जीवन है, इसी आशय के साथ वन महोत्सव अंतर्गत वन विभाग लोगों में पेड-पौधों के प्रति लोगों में जागरूकता लायेगा।